



नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 17 फरवरी 2026


# प्रेम प्रसंग में महाराष्ट्र के युवक की निर्मम हत्या, शव खेत में दफनाया

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल, 16 फरवरी. भैंसदेही क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की हत्या कर शव को खेत में दफना दिया गया। पुलिस ने इस मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए सोमवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

**भैंसदेही पुलिस ने किया हत्या का खुलासा**

**माता-पिता सहित युवती गिरफ्तार**

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को थाना भैंसदेही को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोडिया में एक मोटरसाइकिल बिना चालक के खड़ी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो मोटरसाइकिल एमपी 48, एम 7850 विसराम साल्वे के घर के सामने खड़ी मिली। विसराम साल्वे घर पर नहीं मिला। उसकी पत्नी सोनाय साल्वे से पूछताछ की गई, जिसने बताया कि उसका पति बाहर गया है तथा पुत्री सुमित्रा सातनेर चली गई है। मोटरसाइकिल चालक के संबंध में वह स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी एवं बार-बार बयान बदलती रही, जिससे संदेह गहराया। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो सोनाय साल्वे ने स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल चालक शिवम धुर्वे (निवासी महाराष्ट्र) उसकी पुत्री सुमित्रा से मिलने आया था। जहां कहासुनी होन पर उसकी हत्या कर दी और शव खेत में दफना दिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस पुराने खेत की ओर पहुंची। हिकमत अमली से पूछताछ में सोनाय साल्वे ने स्वीकार किया कि



मोटरसाइकिल चालक शिवम धुर्वे (निवासी महाराष्ट्र) उसकी पुत्री सुमित्रा से मिलने आया था। आपसी कहासुनी के बाद विसराम साल्वे, सोनाय साल्वे एवं सुमित्रा ने मिलकर शिवम के साथ मारपीट की। आरोपियों ने मृतक को थप्पड़ एवं मुक्कों से पीटा, उसके हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए तथा उसे जंगल स्थित खेत में ले गए। वहां सुमित्रा के पिता विसराम साल्वे ने पत्थर पटककर एवं डंडों से वार कर उसकी हत्या कर दी। 13 फरवरी की सुबह आरोपियों ने खेत/जंगल क्षेत्र में गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया, ताकि अपराध छुपाया जा सके।

**युवक को फोन कर बुलाया मायके :** मृतक शिवम धुर्वे आरोपिया सुमित्रा मौसिक का परिचित था, तथा उसके पीछे पड़ा हुआ था एवं उस पर बुरी नियत रखता था। सुमित्रा विवाहित थी एवं उसके दो बच्चों के साथ ग्राम सातनेर में रहती थी, उसका पति महाराष्ट्र में मजदूरी करता था, जो जनवरी माह में घर लौट आया था। मृतक द्वारा आरोपिया को लगातार परेशान किया जा रहा था एवं धमकाया जा रहा है। इससे परेशान होकर सुमित्रा ने मृतक को 13 फरवरी को अपने मायके ग्राम कौड़िया बुलाया। माता-पिता के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की, फिर उसके हाथ पैर बांधकर उसे जंगल में स्थित खेत में ले गए, जहां सुमित्रा मौसिक के पिता विसराम साल्वे द्वारा मृतक के सिर पर पत्थर पटककर एवं डंडों से मारकर हत्या कर दी गई। साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से आरोपी विसराम साल्वे के खेत/जंगल क्षेत्र में गड्ढा खोदकर शव दफना दिया गया। आरोपीगण द्वारा अपराध स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई। वैज्ञानिक साक्ष्य एवं तकनीकी आधार पर त्वरित जांच की गई। जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण का खुलासा किया गया। इस खुलासे में निरीक्षक राजेश सातनकर, निरीक्षक आबिद अंसारी, उनि. रामप्रकाश कौर, उनि. प्रीति पाटिल, प्रआर. परसराम, प्रआर. छोटेलाल, आर. नारायण जाट, आर. नरेन्द्र ढोके, आर. सनील उइके, आर. सोनू कुमार, सैनिक अमर चौहान, सायबर सेल आरक्षक राजेन्द्र धाडसे एवं दीपेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

### पुलिस ने युवक का शव किया बरामद

एसडीएम भैंसदेही को सूचना देकर वैधानिक प्रक्रिया के तहत तहसीलदार एवं नगर परिषद टीम की उपस्थिति में उत्खनन कराया गया। वीडियोग्राफी के साथ कार्यवाही करते हुए लगभग 25-30 वर्षीय पुरुष का शव बरामद किया गया। शव को पीएम के लिए सीएचसी भैंसदेही की मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया। 15 फरवरी को शासन तर्फे उपनिरीक्षक रामप्रकाश कौर की रिपोर्ट पर थाना भैंसदेही में धारा 103(2), 326(बी), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने सुमित्रा मौसिक, विसराम साल्वे (पिता) और सोनाय साल्वे (माता) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की चौथी गंभीर घटना

पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने बताया कि जिले में विगत एक माह के भीतर अवैध संबंध/प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की यह चौथी गंभीर घटना है, जो सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों के क्षरण की चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। ऐसे प्रकरणों में आवेश, सामाजिक दबाव एवं पारिवारिक विवाद के कारण लोग कानून अपने हाथ में ले रहे हैं, जो अत्यंत गंभीर अपराध है। पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री वीरेन्द्र जैन ने आम नागरिकों से अपील की है कि व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी संवाद एवं विधिक प्रक्रिया के माध्यम से करें। किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में न लें। सामाजिक, पारिवारिक या वैवाहिक विवाद की स्थिति में पुलिस एवं प्रशासन से सहायता लें। अवैध संबंधों एवं अनैतिक गतिविधियों से उत्पन्न विवादों को गंभीर अपराध में परिवर्तित होने से रोकने हेतु समाज के प्रबुद्धजन आगे आएं।

---

**एक नजर में**

### यूपी के मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

**बैतूल।** मिलनपुर स्टेशन के पास पटरी पर यूपी के मजदूर का शव मिला। मृतक की पहचान रूपेश कुमार कश्यप (28) के रूप में हुई है, जो यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के तिरवड़ का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि रूपेश कुछ दिन पहले ही गन्ना कटाई की मजदूरी करने बैतूल आया था। पुलिस को आशंका है कि रूपेश शराब के नशे में पटरी के पास लेटा हुआ था, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल के पास से उसका बैग बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्टेशन से गुजर रही ट्रेन के चालक ने रेलवे स्टेशन प्रबंधक को इस घटना की सूचना दी थी। प्रबंधक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। रात करीब दस बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद सोमवार सुबह वे अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजन अब शव को मुजफ्फरनगर ले जाने की तैयारी में हैं। पुलिस आगे मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिसर का होगा कायाकल्प

**आठनेर।** नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिसर के सौंदर्यकरण कार्य की औपचारिक शुरुआत सोमवार 16 फरवरी को भूमि पूजन के साथ की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा विधायक निधि से पांच लाख रुपये की राशि इस कार्य के लिए स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि से परिसर में पेविंग ब्लॉक लगाए जाएंगे, बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा तथा बैठने के लिए कुर्सियों सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सौंदर्यकरण कार्य पूर्ण होने के बाद नगरवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को स्वच्छ और सुसज्जित वातावरण में बैठने की व्यवस्था उपलब्ध होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सूरज राठौर, नगर परिषद उपाध्यक्ष विनय जीतपूरे, विधायक प्रतिनिधि मनोज जगताप, कृष्णा काटोलकर, मारुति महाले एवं वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित रहे।

---

## सिंचाई के लिए पानी देने प्रारंभ किया अनिश्चितकालीन धरना

**मुलताई।** क्षेत्र में स्थित वर्धा बांध से किसानो को सिचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराते हुए निजी ब्लुबेरी कंपनी को वर्धा बांध से पानी देने के विरोध में सोमवार को सात ग्रामो के किसानो ने मुलताई वरु? मार्ग पर ग्राम चौथिया में स?क किनारे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन प्रारम्भ किया ।किसानो के प्रदर्शन को एएमआईएम पार्टी ने समर्थन दिया ।सोमवार को मुलताई वरु? मार्ग पर स्थित ग्राम चौथिया के बस स्टैंड पर ग्राम चौथिया,जामगांव गोपाल तलाई, सोनोली, के किसानों ने वर्धा डेम से नहर की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन




किया ।किसानो का कहना है इनके द्वारा कई वर्षो से अपने खेतों की सिचाई के लिए वर्धा बांध से नहर निर्माण करने शासन प्रशासन से मांग की जा रही है। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा किसानों को इस नहर से वंचित रखा गया है जबकि ग्राम गोपाल तलाई, चौथिया, सोनोली और जामगांव के पास ही वर्धा बांध का निर्माण कराया गया। शासन प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से किसानो के लिए यहां डेम का निर्माण कराया गया है जिससे किसानों को इस बांध से सिचाई के लिए पानी मिले। किसानो को कहना है वर्धा बांध के बाजू से लगी प्राइवेट कंपनी ब्लूबेरी की पानी दिया जा रहा है। बांध के पानी से ब्लूबेरी का उत्पादन हो रहा है ।किसानो का कहना है वर्धा बांध किसानों के लिए बनाया गया है तो किसानों को पानी न देते हुए ब्लूबेरी कंपनी वर्धा डेम के पानी का इस्तेमाल कैसे कर रही है क्या शासन प्रशासन द्वारा ब्लूबेरी कंपनी को वर्धा डेम से पानी लेने की अनुमति दी गई है या नहीं। किसानों का कहना है वर्धा बांध से किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा और वर्धा डेम से कई लाखों लीटर पानी प्राइवेट कंपनी में पहुंच रहा है जहां पर यह कंपनी ब्लूबेरी का उत्पादन करते हुए लाखों करोड़ों रुपए का मुनाफा ले रही है लेकिन आज भी सात गांव के किसान वर्धा डेम के पानी वंचित है ।जिसके चलते किसानों ने नहर की जायज मांगों को लेकर धरना दिया। एएमआईएम पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष आमिर अहमद उर्फ अल्ताफ धरना स्थल पर पहुंचे जहां किसानों को समर्थन दिया।

## साईंबाबा का 10वां स्थापना दिवस मनाया

**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम मासोद में साई बाबा प्रतिमा का दसवा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर सोमवार सुबह से साई मंदिर में पूजन का दौर शुरू हो गया था प्रतिमा स्थापना वर्षगांठ पर साई मंदिर से साई बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा साई मंदिर प्रांगण से निकलकर ग्राम के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए वापिस साई मंदिर पहुची। शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए इस दौरान पालकी और कलश यात्रा पर ग्रामीणों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। साईबाबा की महाआरती कर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से



ग्राम की सुख शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। वहीं दिनभर मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। समिति के सदस्य संतोष देशमुख, ईश्वर कोसे, ज्ञानदेव कुंभारे, राजेंद्र दियावार ने बताया ग्रामीणों के सहयोग से साई बाबा प्रतिमा स्थापना वर्षगांठ लगातार दस वर्ष से मनाया जा रहा है। सदाशिव गडेकर,संजू माथनकर,नामदेव आसोलकर,पप्पू देशमुख,मनोहर सावरकर ने बताया साई पालकी भ्रमण के साथ ग्राम के सभी देवी देवता का पुजन एवं ध्वज अपर्पित कर ग्राम के सुख समृद्धि की कामना की।

## मतदाता पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बैतूल कलेक्टर सम्मानित

**बैतूल।** स्थानीय निकाय की वार्षिक मतदाता पुनरीक्षण कार्य तथा त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को सम्मानित किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भोपाल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओ. पी. रावत, पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री आर. परशुराम और आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश मनोज श्रीवास्तव द्वारा कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को सम्मान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में जिले से उत्कृष्ट कार्य के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल मकसूद अहमद तथा एसडीएम भैंसदेही अजीत मरावी को भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय निकाय नगर पालिका, नगर परिषद और पंचायत की मतदाता सूचियों के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्य माह अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर नवंबर 2025 की अवधि में किया गया था। कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं माइक्रो मॉनिटरिंग में सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा आयोग की समय सीमा में प्राप्त दावे आपत्तियों की जांच एवं निराकरण किया।

## शिवभक्त समिति कई वर्षों से करा रही भंडारा

**पाथाखेड़ा।** छोटा महादेव भोपाली में महाशिवरात्रि पर लाखों श्रध्दालु का सैलाब उमड़ता हैं। इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया जाता है। यहां जगह-जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। शिवभक्त सेवा समिति बैतूल पिछले 22 वर्षों से तीन दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन कराते आ रहा है। शिव भक्त सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि उनके द्वारा 22 वर्षों से छोटा महादेव भोपाली में शिवरात्रि के पावन अवसर को देखते हुए सफलतापूर्वक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के 1 दिन पूर्व से शिवरात्रि के 1 दिन बाद तक तीन



दिवसीय भंडारे का आयोजन किया जाता है। जो लगभग 48 घंटों तक चलता है। जिसमें लगभग 1 लाख के आसपास श्रद्धालुओं को भगवान भोले का प्रसाद वितरण किया जाता है। श्रद्धालु इस प्रसाद को ग्रहण कर अपने आप को भाग्यवान महसूस करते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि शिव भक्त सेवा समिति के प्रत्येक सदस्य की यह कोशिश रहती है कि छोटा महादेव में बाबा भोले के दर्शन करने आने वाले हर श्रद्धालुओं तक भगवान भोले का प्रसाद पहुंच सके। जिसको देखते ही समिति का हर सदस्य श्रद्धालुओं को भंडारे स्थान तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि भंडारा शिवरात्रि के 1 दिन पूर्व सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ हो जाता है जो तीसरे दी 12 दीन तक चलता है। फिर शिवरात्रि के दूसरे दिन सुबह भगवान भोले के दर्शन के लिए आने? वाले श्रद्धालुओं में शिव भक्त सेवा समिति के द्वारा सुबह पोहा, चाय और बिस्किट का वितरण किया जाता है, जो लगभग 3 घंटे तक चलता है।

## टॉयलेट क्लीनर का ढक्कन खुलते ही फैली जहरीली गैस, 3 लोग बेहोश

**बैतूल।** टॉयलेट क्लीनर की गैस की चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन लोग बेहोश हो गए। बुजुर्ग पिता की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में शिफ्ट किया गया है, जबकि मां और बेटे वार्ड में भर्ती हैं। मामला कोतवाली थाना इलाके के टेमनी गांव में सोमवार का है। स्थानीय निवासी चंदन सुबह अपने घर के टॉयलेट की सफाई कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने एसिड युक्त टॉयलेट क्लीनर की बोतल खोलनी चाही, वह तेज दबाव के साथ खुल गई। इससे एसिड बाहर छलक गया और बाथरूम में जहरीली गैस फैल गई। इसके संपर्क में आते ही चंदन को घबराहट और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। चंदन की चीख सुनकर उनकी पत्नी कला बाई और बेटा लोकेश बाथरूम तक पहुंचे। वे भी जहरीली गैस की चपेट में आ गए। तीनों अर्धबेहोशी की हालत में पहुंच गए। परिजन ने तत्काल तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद अब तीनों की हालत सामान्य है। वे खतरे से बाहर हैं। अस्पताल की पुलिस चौकी के कॉन्स्टेबल ने तीनों के बयान ले लिए हैं। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है।

## वकील की हत्या के विरोध में बंद रखा काम

**मुलताई।** करेरा के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को अधिवक्ता संघ मुलताई के अधिवक्ताओ ने कार्य बंद रखकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजीव कहार को सौपा। वहीं अधिवक्ता संघ मुलताई के अधिवक्ता संजीव कुमार झरबडे के साथ हुई घटना के आरोपी को गिरफ्तार की जाने की मांग की है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सीएस चंदेल सहित पदाधिकारियो एवं अधिवक्ताओ द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया



अधिवक्ता संघ करेरा जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना को बीते 14 फरवरी 2026 को बाइक से घर जाते समय युनिफार्म में अपराधियो द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं मुलताई के अधिवक्ता संजीव कुमार झरबडे की बाइक में आग लगा दी गई ।जिससे अधिवक्ता समुदाय में रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओ ने संजय कुमार सक्सेना के हत्यारो एवं हत्या में शामिल लोगो की अतिशीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही की मांग की है। वहीं संजीव कुमार झरबडे के साथ 12 फरवरी 2026 को हुई घटना के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए ।मध्यप्रदेश का अधिवक्ता अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है जिसके चलते अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिये राज्य शासन से एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट की तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की है।

## शिवपुरी में एडवोकेट की हत्या का जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**बैतूल। शिवपुरी में अधिवक्ता संजय कुमार सरसेना की गोली मारकर हत्या और प्रदेशभर में वकीलों पर हो रहे हमलों के विरोध में सोमवार को बैतूल में अधिवक्ताओं ने प्रतिवाद दिवस मनाया।**

**बैतूल में अधिवक्ताओं ने रखा काम बंद**

**विरोध स्वरूप अधिवक्ताओं ने प्रतिवाद दिवस मनाया**

जिला अदालत में कलमबंद हड़ताल करते हुए वकीलों ने न्यायिक कार्यों से दूरी बनाए रखी।



इसके बाद अदालत परिसर से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं, जिससे वकीलों में आक्रोश है। यह ज्ञापन जिला बार अध्यक्ष अशोक वर्मा और सचिव बलदेव कुमार महाजन के नेतृत्व में सौंपा गया। गौरतलब है कि हाल ही में शिवपुरी के करैरा में अधिवक्ता संजय सरसेना की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। वहीं, इससे पहले डबरा में अधिवक्ता चंद्रभान मीणा की भी हमले में मौत हो चुकी है। इन घटनाओं ने प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अचानक आई कलमबंद हड़ताल की वजह से जिला अदालत में सोमवार को सैकड़ों मामलों की सुनवाई नहीं हो सकी। पेशी पर आए वादी-प्रतिवादी बैरंग लौटते नजर आए। कई लोगों का कहना था कि ऐसी हड़ताल की सूचना कुछ दिन पहले दी जानी चाहिए थी, ताकि लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े।

---

**बैठक** | **टीएल बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा, पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ देने के दिए निर्देश**

## ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में बेहतर जल प्रबंधन किया जाए : सीईओ

**बैतूल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय-सीमा में पहुंचे, यह अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए और किसी भी पात्र हितग्राही को अनावश्यक कारणों से वंचित न रखा जाए। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम गति शक्ति की समीक्षा की और



अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। सीईओ श्री जैन ने बैठक में सभी एसडीएम से अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए हम सभी को अभी से सतर्क और सक्रिय रहना होगा। पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एसडीएम एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जिन नल-जल योजनाओं हैंडओवर हो चुकी है तथा जो अभी लंबित हैं, उनकी सूची तैयार की जाए। जहां योजनाएं अधूरी हैं या हस्तांतरण शेष है, वहां शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बेहतर पेयजल प्रबन्धन किया जाएं। सीईओ श्री जैन ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीईओ को अपने-अपने क्षेत्र में पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास को पोर्टल पर दर्ज किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार पट्टों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

सीईओ श्री जैन ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या अधिक पाई गई, उन्हें शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। सीईओ श्री जैन ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान नवीन सत्र में नामांकन में वृद्धि, पाठ्य पुस्तक का परिवहन एवं दर निर्धारण पर चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## 12 ज्योतिर्लिंग, 15 रथ, 500 से अधिक लोग

**बैतूल।** शिवरात्रि के पर्व पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा बड़े ही सुनियोजित ढंग से द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा का भगवत्प्रेमी नगरवासियों ने दर्शन किया और इस महान पर्व पर स्वयं को धन्य अनुभव कराया। ब्रह्माकुमारीज के भाग्य विधाता भवन से निकलकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए ब्रह्माकुमारीज केंद्र पहुंची। सैकड़ों सफेद वस्त्रधारियों के हाथों में पीले और लाल रंग के दूर से आकर्षित करते शिव ध्वज, शिव नाम की स्वर लहरियों में गूंजते आध्यात्मिक गीत जैसे कानों को ही नहीं मन को भी सुकून दे रहे थे और दिखाई दे रहे थे। सुंदर रथ पर विराजमान शिवभोलनाथ के द्वादश ज्योतिर्लिंग और देवी देवताएं जिनके दर्शन कर हर कोई




नतमस्तक हुआ जा रहा था, इस यात्रा ने ओम शांति के मंत्र को साधकर जनमानस को शिवसंदेश देते हुए प्रभु दर्शन कराया। इस यात्रा के आयोजन से सभी को परमात्मा शिव के इस सृष्टि पर दिव्या अवतरण का संदेश दिया गया तथा सभी को निमंत्रित दिया गया कि वे ब्रह्माकुमारी इस केंद्र जाकर भारत में पधारे हुए शिव भगवान को पहचाने तथा उससे अपना बुद्धि योग जोडकर वरदानों एवं शक्तियों से स्वयं को भरपूर करें। बैतूल सेवा केंद्र प्रमुख ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने बताया की भारत में परमात्मा शिव के को अवतरित हुए 90 वर्ष हो चुके हैं और संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन का परमात्म कार्य अब पूर्ण होने को है। इसी अवसर को ब्रह्माकुमारी नव दशकोत्सव के रूप में मना रहा है।